प्री-प्राइमरी

Public education
Discover a world of opportunities

विज्ञान: घर पर सीखना

घर पर विज्ञान

खेल के जरिए विज्ञान के बारे में सीखना

खेल आपकी संतान के सीखने और खोजबीन करने का महत्वपूर्ण भाग है। विज्ञान के बारे में सीखने के लिए खेल का प्रयोग करके, आपकी संतान अपने सभी इन्द्रियबोधों – दृष्टि, ध्वनि, स्पर्श, गंध और स्वाद – का प्रयोग करती है। वह अनुमान लगाने, अवलोकन करने, वर्णन करने और अपने आसपास की विभिन्न चीज़ों की तुलना करना भी सीखती है। अपनी संतान को खोज करने और बहुत से सवाल पूछने दें। सबसे महत्वपूर्ण तौर पर, उनकी जिज्ञासा और रचनात्मकता को विकसित करें, और उन्हें अपनी खुद की गति से सीखने और खोजने दें।

खिलौने के बॉक्स में

- अपनी संतान को आकार, आकृति, रंग, बनावट और वजन के आधार पर खिलौने क्रम से अलग-अलग करने के लिए कहें। अपनी संतान से यह वर्णन करने के लिए कहें कि उसने कुछ किस्म के खिलौनों को एक समूह में क्यों रखा है।
- अपनी संतान के हाथों में एक-एक खिलौना रखें और उनसे आपको यह बताने के लिए कहें कि उन्हें कौन सा खिलौना भारी और कौन सा हल्का लग रहा है।
- यह देखें कि खिलौना गाड़ियाँ, कंचे और बॉल कितनी तेजी से रैंप और ढलान से नीचे जाती हैं। सतहों को बदल कर परीक्षण करें।

वस्तुओं को एक गहरे रंग के प्लास्टिक बैग में डालें ताकि आपकी संतान को ये दिखाई न दें। बैग में अलग-अलग वस्तुएँ डालें। अपनी संतान से बैग में अपना हाथ डालकर उनके द्वारा महसूस की जाने वाली चिकनी, रोमदार और खुरदरी जैसी अलग-अलग बनावट वाली वस्तुओं का वर्णन करने के लिए कहें।

रसोईघर में

- रसोईघर के अलग-अलग बर्तनों के प्रयोग और इस्तेमाल किए जाने का अवलोकन करें और इनकी जाँच करें जैसे कि आइस-क्रीम स्कूप, हैंड-हेल्ड मिक्सर, कैन ओपनर, आलू छीलने वाला चाकू और गार्लिक प्रेस।
- अपनी संतान को चम्मच के दोनों तरफ अपने प्रतिबिंब को देखने के लिए कहें और उनसे सवाल पूछें जैसे कि: उन्हें *ऐसा क्यों लगता है कि प्रतिबिंब अलग है?* और *चम्मच के किस ओर देखना शीशे में देखने के समान है?*
- अपनी संतान से चिमटे और चॉपस्टिक्स का प्रयोग करके अपनी समन्वय योग्यताओं का अभ्यास करने के लिए कहें।
- प्ले डो बनाएँ। हमारा प्ले डो कैसे बनाएँ से सम्बन्धित गतिविधि का सूचना-पत्र देखें।

नहाते समय की मस्ती

- नहाते समय विभिन्न वस्तुओं की जांच करें और देखें कि वे डूबती हैं या नहीं। उनकी जांच करने से पहले भविष्यवाणी करें और सवाल पूछें जैसे कि: *ऐसा क्यों है कि कुछ वस्तुएँ डूब जाती हैं और कुछ तैरती हैं?* और *आप किसी तैरने वाली वस्तु को कैसे डुबा सकते हैं या फिर डूबने वाली वस्तु को कैसे तैरा सकते हैं?*

Department of Education

आपको और अधिक जानकारी education.wa.edu.au पर होम सूचना-पत्रकों पर मिलेगी।

© Department of Education, Western Australia, 2015
CC BY